# NAPLAN 2026

## माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए जानकारी



## विद्यार्थी NAPLAN परीक्षा क्यों देते हैं?

नेशनल एसेसमेंट प्रोग्राम - लिटरेसी एंड न्यूमरेसी (NAPLAN) साक्षरता और अंक-ज्ञान की आकलन परीक्षा है जो कक्षा 3, 5, 7 और 9 में पढ़ने वाले विद्यार्थी हर साल देते हैं। यही एकमात्र राष्ट्रीय आकलन है, जिसमें सभी ऑस्ट्रेलियाई विद्यार्थियों को शामिल होने का अवसर मिलता है।

जैसे-जैसे विद्यार्थी अपने स्कूली वर्षों में प्रगति करते हैं, इस बात की जाँच करना महत्वपूर्ण होता है कि वे कितनी अच्छी तरह से पठन (रीडिंग), लेखन (राइटिंग) और आंकिकता (न्यूमरेसी) आवश्यक कुशलताएँ सीख रहे हैं।

NAPLAN विद्यार्थियों के स्कूली पाठ्यक्रम के दौरान उनके द्वारा सीखी गई साक्षरता व आंकिकता कुशलताओं का आकलन करता है, और माता-पिता तथा देखभालकर्ताओं को यह देखने की अनुमति देता है कि उनका बच्चा/उनकी बच्ची राष्ट्रीय दक्षता मानकों के प्रति कैसे प्रगति कर रहा/रही है।

NAPLAN स्कूल की आकलन और रिपोर्टिंग प्रक्रिया का सिर्फ एक ही पहलू है। यह शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा विद्यार्थी के प्रदर्शन के लगातार रूप से किए जाने वाले आकलन का स्थान नहीं लेता है, लेकिन यह शिक्षक/शिक्षिकाओं को विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति के बारे में और अधिक जानकारी प्रदान कर सकता है।

NAPLAN स्कूलों, शिक्षण प्राधिकरणों और सरकारों को इस बारे में जानकारी भी प्रदान करता है कि शिक्षा कार्यक्रम कैसे काम कर रहे हैं और क्या युवा ऑस्ट्रेलियावासी साक्षरता और आँकिकता में महत्वपूर्ण शैक्षणिक परिणाम प्राप्त कर रहे हैं या नहीं।

## आपका बच्चा/बच्ची NAPLAN परीक्षाएँ ऑनलाइन देगा/देगी

ऑनलाइन NAPLAN परीक्षाएँ सटीक परिणाम प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं और छात्रों को संलग्न रखते हैं। ये परीक्षाएँ अनुकूलित (या अनुकूली) होती हैं, जिसका अर्थ है कि हर परीक्षा में ऐसे सवाल प्रस्तुत किए जाते हैं जो विद्यार्थी के जवाबों पर निर्भर करते हुए अधिक या कम कठिन हो सकते हैं। इससे छात्रों को आकलन के साथ संलग्न बने रहने में मदद मिलती है।

अनुरुपित परीक्षण विद्यार्थियों की अनेक प्रकार की क्षमताओं का आकलन करने की अनुमति देता है और विद्यार्थी की उपलब्धियों का मापन अधिक सटीक रूप से करता है। विद्यार्थी का समग्र NAPLAN परिणाम उन प्रश्नों की संख्या और जटिलता दोनों पर आधारित होता है, जिनका वे सही उत्तर देते हैं। यदि आपके बच्चे/आपकी बच्ची को प्रश्न चुनौतीपूर्ण लगते हैं, तो उन्हें चिंतित नहीं होना चाहिए; हो सकता है कि वे अधिक जटिल परीक्षा मार्ग से होकर जा रहे हों।

कक्षा 3 के सभी विद्यार्थी लेखन आकलन को कागज-आधारित प्रारुप में पूरा करना जारी रखेंगे।

## NAPLAN के माध्यम से किन कुशलताओं का आकलन किया जाता है?

NAPLAN के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा स्कूल के अपने नियमित पाठ्यक्रम में सीखी जाने वाली साक्षरता और आँकिक कुशलताओं का आकलन किया जाता है।

विद्यार्थी लेखन, पठन, भाषा प्रथाओं (वर्तनी, व्याकरण और विरामचिह्न) तथा आंकिकता आकलनों में भाग लेते हैं। इसके प्रश्न ऑस्ट्रेलियाई पाठ्यक्रम से संरेखित सामग्री का आकलन करते हैं: अंग्रेज़ी और गणित।

NAPLAN परीक्षा सामग्री के विकास में सभी सरकारी और गैर-सरकारी शिक्षा प्राधिकरण योगदान देते हैं।

NAPLAN के बारे में और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **nap.edu.au** पर जाएँ।

## NAPLAN में भागीदारी

NAPLAN कक्षा 3, 5, 7 और 9 के सभी विद्यार्थियों के लिए है। ACARA समावेशी परीक्षाओं का समर्थन करता है, ताकि सभी विद्यार्थियों के पास राष्ट्रीय आकलन कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर हो।

विविध कार्यात्मक क्षमताओं और आवश्यकताओं वाले विकलांगता-ग्रस्त विद्यार्थियों के लिए समायोजनों से सम्बन्धित जानकारी **परीक्षा प्रशासन के लिए राष्ट्रीय प्रोटोकॉल्स** में उपलब्ध है।

विकलांगता-ग्रस्त विद्यार्थियों के NAPLAN में प्रतिभाग के लिए मामला-दर-मामला आधार पर उनकी आवश्यकतानुरुप समुचित समायोजनों की पहचान करने के लिए स्कूलों को माता-पिता, देखभालकर्ताओं और विद्यार्थियों के साथ मिलकर काम करना चाहिए।

इन निर्णयों को सूचित करने में सहायता के लिए आप परीक्षा प्रशासन के लिए राष्ट्रीय प्रोटोकॉल्स (लिंक ऊपर दिया गया है), **NAPLAN सार्वजनिक प्रदर्शन साइट**, **विकलांगता-ग्रस्त विद्यार्थियों को NAPLAN की सुलभता में सहायता देने के उद्देश्य से स्कूलों के लिए संदर्शिका**, या हमारी **वीडियो श्रृंखला** देख सकते/सकती हैं, जिनमें माता पिता/देखभालकर्ता, शिक्षक और विद्यार्थी NAPLAN समायोजन के उपयोग के अपने अनुभवों को साझा करते हैं।

आकलन में भाग लेने की क्षमता को गंभीर रुप से सीमित करने वाली विकलाँगता से ग्रस्त विद्यार्थी, या हाल ही में ऑस्ट्रेलिया आए गैर-अंग्रेज़ी भाषी पृष्ठभूमि के विद्यार्थी को असाधारण परिस्थितियों में औपचारिक अपवाद दिया जा सकता है।

आपके स्कूल के प्रधानाचार्य और आपका स्थानीय परीक्षा प्रशासन प्राधिकरण विकलांगता-ग्रस्त विद्यार्थियों के लिए समायोजनों या औपचारिक अपवाद प्राप्त करने के लिए आवश्यक प्रक्रिया के बारे में और अधिक जानकारी दे सकते हैं।



Translation © VCAA

## यदि मेरा बच्चा/मेरी बच्ची NAPLAN परीक्षाओं के दिन स्कूल से अनुपस्थित हो, तो क्या होगा?

यदि संभव हो, तो स्कूल परीक्षा के दिन अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों के लिए स्कूल के परीक्षा कार्यक्रम के दौरान किसी अन्य समय में छूटी हुई परीक्षाओं को पूरा करने के लिए व्यवस्था कर सकते हैं।

## मैं अपने बच्चे/अपनी बच्ची को समर्थन देने के लिए क्या कर सकता/सकती हूँ?

विद्यार्थियों से NAPLAN के लिए पढ़ाई करने की उम्मीद नहीं की जाती है। आप अपने बच्चे/अपनी बच्ची को यह बताकर उन्हें समर्थन दे सकते/सकती हैं कि NAPLAN उनके स्कूल कार्यक्रम का एक हिस्सा है और उन्हें याद दिला सकते/सकती हैं कि उन्हें बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाना होगा। NAPLAN की कुछ व्याख्या विद्यार्थियों को परीक्षाओं के फॉर्मेट को समझने और इसके साथ सहज महसूस करने में सहायता देने के लिए उपयोगी है। परन्तु माता-पिता/देखभालकर्ताओं के लिए ऐसा करना आवश्यक नहीं है। शिक्षकगण यह सुनिश्चित करेंगे कि विद्यार्थी परीक्षाओं में पूछे जाने वाले प्रश्नों के प्रकारों से परिचित हैं और उन्हें उचित समर्थन और मार्गदर्शन देंगे।

ACARA NAPLAN के लिए अत्यधिक तैयारी करने या कोचिंग प्रदाताओं की सेवाओं का उपयोग करने का सुझाव नहीं देता है।

ऑनलाइन NAPLAN आकलन में उपलब्ध सवालों और उपकरणों के प्रकारों को इस वेबसाइट पर देखें: NAP – सार्वजनिक प्रदर्शन साइट।

## मेरे बच्चे/मेरी बच्ची की उपलब्धि को कैसे इंगित किया जाता है?

परिणाम दक्षता मानकों के विरुद्ध रिपोर्ट किए जाएंगे। प्रत्येक कक्षा स्तर पर हर आकलन क्षेत्र के लिए मानक है। निपुणता मानक, विद्यार्थी की उपलब्धियों की स्पष्ट सूचना उपलब्ध करवाते हैं। इन्हें NAPLAN की परीक्षा के समय बच्चे से अपेक्षित, चुनौतीपूर्ण लेकिन उचित स्तर पर निर्धारित किया जाता है, ये मुख्यतः इस बात पर आधारित होते हैं कि विद्यालय शिक्षा के पिछले सालों में क्या सिखाया गया है।

विद्यार्थी उपलब्धि को दक्षता के 4 स्तरों पर दर्शाया जाता है: Exceeding (उत्कृष्ट), Strong (बहुत बढ़िया), Developing (विकासशील) और Needs additional support (अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता है)।

वर्ष के अंत में आपके बच्चे/आपकी बच्ची के स्कूल द्वारा व्यक्तिपरक विद्यार्थी NAPLAN रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाएगी। यदि आपको रिपोर्ट नहीं मिलती है, तो आपको अपने बच्चे/अपनी बच्ची के स्कूल से संपर्क करना चाहिए। यदि अधिक सहायता की आवश्यकता है, तो आपको अपने प्रासंगिक राज्य या टेरिटरी परीक्षा प्रशासन प्राधिकरण से संपर्क करना चाहिए। ACARA व्यक्तिगत रिपोर्ट्स प्रदान नहीं कर सकता है।

## NAPLAN परिणामों का प्रयोग कैसे किया जाता है?

- विद्यार्थी, माता-पिता और देखभालकर्ता शिक्षकगणों के साथ प्रगति के बारे में चर्चा करने के लिए व्यक्तिपरक परिणामों का उपयोग कर सकते हैं।
- शिक्षकगण परिणामों का उपयोग करके और अधिक चुनौतियों या अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता वाले विद्यार्थियों की पहचान करते हैं।
- स्कूल परिणामों का उपयोग करके अपने शिक्षा कार्यक्रमों में प्रबलता के क्षेत्रों और सुधारों की पहचान करते हैं तथा साक्षरता व आँकिकता से संबंधित लक्ष्य निर्धारित करते हैं।
- स्कूल प्रणालियाँ परिणामों का उपयोग करके कार्यक्रमों और स्कूलों को उपलब्ध कराए जाने वाले समर्थनों की प्रभाविता कीसमीक्षा करती हैं।
- समुदाय के सदस्य समय के साथ स्कूलों के प्रदर्शन के बारे में जानकारी को वेबसाइट **myschool.edu.au** पर देख सकते हैं।

## मुझे और अधिक जानकारी कहाँ से प्राप्त हो सकती है?

NAPLAN के बारे में और अधिक जानकारी के लिए:

- अपने बच्चे/अपनी बच्ची के स्कूल से संपर्क करें
- वेबसाइट **nap.edu.au/TAA** पर अपने स्थानीय परीक्षा प्रशासन प्राधिकरण से संपर्क करें
- वेबसाइट **nap.edu.au** पर जाएँ

NAPLAN के लिए व्यक्तिगत विवरण का उपयोग ACARA किस प्रकार करता है, इसके बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए वेबसाइट **nap.edu.au/naplan/privacy** पर जाएँ।

## NAPLAN की समय सारिणी

NAPLAN परीक्षाएँ 9दिनों की अवधि में आयोजित की जाती हैं। यह उन स्कूलों को समायोजित करने के लिए है जिनके पास हो सकता है कि कम समय सीमा में परीक्षाएँ पूरी करने की क्षमता न हो। **NAPLAN परीक्षावधि बुधवार 11 मार्च 2026 से शुरु होगी और सोमवार 23 मार्च 2026 को समाप्त हो जाएगी।** स्कूल परीक्षाओं को जितनी जल्दी हो सके, आयोजित करेंगे और इसमें पहले सप्ताह को प्राथमिकता दी जानी **होगी।**

| परीक्षा | समय-व्यवस्था आवश्यकताएँ | अवधि | परीक्षा विवरण |
|---|---|---|---|
| **लेखन** | कक्षा 3 के विद्यार्थियों को कागज-आधारित लेखन परीक्षा केवल दिवस 1 को देनी **होगी**<br>कक्षा 5, 7 और 9 के लिए लेखन परीक्षाएँ सबसे पहले दिन शुरु होंगी (स्कूलों को दिवस 1 में ही लेखन पूरा करने को प्राथमिकता देनी **होगी**, और दिवस 2 का उपयोग केवल तकनीकी/व्यवस्थात्मक सीमाएं होने पर किया जाना चाहिए) | कक्षा 3: 40 मिनट।<br>कक्षा 5: 42 मिनट।<br>कक्षा 7: 42 मिनट।<br>कक्षा 9: 42 मिनट। | विद्यार्थियों को एक विचार या विषय दिया जाता है जिसे लेखन प्रोत्साहन (writing stimulus) (या प्राम्प्ट) कहा जाता है और उन्हें एक विशेष शैली (कथात्मक या प्रेरक लेखन) में प्रतिक्रिया लिखने के लिए कहा जाता है। |
| **पठन** | लेखन परीक्षा के बाद पूरा करना होगा | कक्षा 3: 45 मिनट।<br>कक्षा 5: 50 मिनट।<br>कक्षा 7: 65 मिनट।<br>कक्षा 9: 65 मिनट। | विद्यार्थी सूचनात्मक (informative), कल्पनात्पक (imaginative) और उत्प्रेरक (persuasive) शैली के अनेक पाठ पढ़कर इनसे संबंधित प्रश्नों के उत्तर देते हैं |
| **कन्वेनशन ऑफ लेंग्वेज़** | पठन परीक्षा के बाद पूरा किया जाना चाहिए | कक्षा 3: 45 मिनट।<br>कक्षा 5: 45 मिनट।<br>कक्षा 7: 45 मिनट।<br>कक्षा 9: 45 मिनट। | विद्यार्थियों का आकलन स्पैलिंग, ग्रामर और पंक्चुएशन पर किया जाता है |
| **आंकिकता** | भाषा प्रथाओं की परीक्षा के बाद पूरा किया जाना चाहिए | कक्षा 3: 45 मिनट।<br>कक्षा 5: 50 मिनट।<br>कक्षा 7: 65 मिनट।<br>कक्षा 9: 65 मिनट। | संख्या (number) और बीजगणित (algebra), मापन (measurement) और ज्यामिति (geometry), तथा साँख्यिकी (statistics) और प्रायिकता (probability) पर विद्यार्थियों का आकलन किया जाता है |